भा.मा.ब्यूरो मुख्या./प्रशासन/परिपत्र(38)/2021

दिनांक: 23 अप्रैल 2021

भारतीय मानक ब्यूरो

(प्रशासन विभाग)

परिपत्र

विषय: भारतीय मानक ब्यूरो, मुख्यालय में कोविड-19 टीकाकरण लगवाने हेतु

बीआईएस कल्याणकारी गतिविधियों के अंतर्गत बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली में टीकाकरण कैंप का आयोजन करने जा रहा है । स्वास्थय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड-19 टीकाकरण दिशानिर्देशों के अनुसार "केवल 45 वर्ष या उससे अधिक आयु के कार्मिक ही कार्यस्थल पर टीकाकरण के लिए पात्र होंगे।"

2. इस संबंध में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु के संविदागत कार्मिकों (contractual staff) सहित सभी कार्मिक विभागवार एवं सभी कार्मिक विभागवार के आश्रित निम्नलिखित प्रारूप में प्रशासन विभाग को 27 अप्रैल 2021 तक ईमेल (administration @bis.gov.in) के माध्यम से अपनी सम्मति भेज सकते हैं।

क्रम सं.	**विभाग**	**नाम**	**पदनाम**	**कर्मचारी स.**	**आयु**	**मोबाइल नं.**

3. इस संबंध में प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 16 अप्रैल 2021 को ई-मेल के माध्यम एवं 20 अप्रैल 2021 को बीआईएस इंट्रानेट के माध्यम से मुख्यालय एवं केंद्रीय प्रयोगशाला / निट्स, नोएडा / मध्य क्षेत्रीय कार्यालय के सभी विभागो को उपरोक्त विषय पर सूचित कर दिया गया था। आगे निवेदन है कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं संविदागत कार्मिकों सहित अपने नामांकन टीकाकरण कैंप के लिए प्रशासन विभाग मे पूर्व मे भेजे है कृपया अपना नामांकन दोबारा न भेजे ।

4. उपरोक्त के संबंध में कल्याण अधिकारी, ब्यूरो मुख्यालय कृपया वैक्सीनेशन कैंप लगवाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट को अति शीघ्र पत्र लिखा जाए तथा ब्यूरो में वैक्सीनेशन के लिए स्थान सुनिश्चित करें ।

5. उपरोक्त सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार जारी किया है ।

संदीप मीना

निदेशक (प्रशासन)

हमारा संदर्भः प्रशासन/02/62/2020

भा.मा.ब्यूरो, मुख्यालय / केंद्रीय प्रयोगशाला / निट्स, नोएडा / मध्य क्षेत्रीय कार्यालय एवं संविदागत कार्मिकों सहित सभी पात्र व्यक्तियों को बीआईएस इंट्रानेट के माध्यम से सूचनार्थ परिचालित ।